CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 191 ▫ रायपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## फिंगेश्वर पुल के नीचे गिरी कार, 2 की मौत, 3 घायल

## धमतरी में कांवरियों को वाहन ने मारी ठोकर, 2 की मौत, 1 गंभीर

**गरियाबंद/धमतरी,** 4 अगस्त (हाईवे चैनल)। भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज दास अपने 5 साथियों के साथ बिलाईगढ़ भटगांव से भूतेश्वरनाथ मंदिर जा रहे थे कि फिंगेश्वर सरगी नाला के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर जाने से लोकेश और पंकज दास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं तीन अन्य घायल हो गए जिनका इलाज पास के अस्पताल में चल रहा है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष दोस्तों के साथ भूतेश्वरनाथ जा रहे थे



प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलाईगढ़ के भटगांव थाना क्षेत्र से 5 लोग गरियाबंद के भूतेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आ रहे थे कि फिंगेश्वर सरगी नाला पार करने के दौरान कार चला रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज दास को झपकी आ गई और कार पत्थर से टकराकर पुल से नाले में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में लोकेश साहू और पंकज दास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 3 युवक गंभीर रुप से घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में भर्ती चल रहा है। फिलहाल फिंगेश्वर पुलिस हादसे की जांच में जुट गई है।





इधर **धमतरी** संवाददाता ने बताया कि धमतरी जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है। जिसमें रविवार की रात अज्ञात वाहन के ठोकने से दो युवा कांवरियों की मौत हो गई। एक युवक घायल है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पिपरछेड़ी में शोक की लहर दौड़ गई है। पोस्टमार्टम के लिए गांव के प्रमुख पहुंच गए। इसी बीच बड़ी घटना धमतरी से आ रही है।बताया गया कि बीती रात्रि एक दुखद सड़क दुर्घटना घटी जिसमें दो युवा कांवरियों की दर्दनांक मौत हो गई, जबकि एक अन्य कांवरियें गंभीर रुप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पीपरछेड़ी से तीन युवक जल चढ़ाने रुद्रेश्वर मंदिर आ रहे थे। तभी ग्राम तेलीनसत्ती के पहले पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिसमें तीन युवक घायल हो गए। तीनों घायलों को मसीही अस्पताल लाया गया। जहां पर राहुल साहू पिता हीरेंद्र साहू 17 वर्ष और कन्हैया साहू पिता सुरेंद्र साहू 18 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं मोक्ष साहू पिता गोपेश्वर साहू 17 वर्ष का इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि तेलीनसत्ती के पास लगभग 11 बजे अज्ञात कार ने पीछे से ठोकर मार दी। जिसमें तीनों युवक घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस से तीनों को मसीह अस्पताल लाया गया। जहां पर दो युवकों की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक का वातावरण है।

### महापौर रामू रोहरा पहुंचे जिला अस्पताल



दुर्घटना की सूचना मिलने पर महापौर रामू रोहरा जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह बड़ी दुखद घटना है कि युवा कांवरियों की मौत हो गई। दो युवकों के मौत से वह स्तब्ध हैं। तत्काल डॉक्टर को पोस्टमार्टम के लिए निर्देशित किया गया है। अर्जुनी थाना प्रभारी को कार्रवाई करने कहा है।

## भीषण हादसे में 5 कांवड़ियों की मौत, 4 घायल; करंट लगते ही पिकअप वैन से कूद गए सभी

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (न्यूज चैनल)। भागलपुर में भीषण हादसे में पांच कांवरियों की मौत हो गई। वहीं चार कांवरियों की हालत गंभीर है। घटना शाहकुंड-सुल्तानगंज सड़क पर बेलथू के महतो स्थान के पास हुई है। बताया जा रहा है कि टेम्पो को ओवरटेक कर आगे बढ़ने के चक्कर में पिकअप वैन के चालक को बिजली का तार नहीं दिखा। पिकअप वैन बिजली के तार के संपर्क में आ गई। देखते ही देखते पूरी गाड़ी में करंट फैल गया। इस सवार यात्री फौरन 30 फिट नीचे पानी में कूद गए और गाड़ी भी इनके ऊपर गिर गए। हादसा इतना भीषण था कि पांच लोगों



की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

इधर, घटना के आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल किया। लोगों ने शाहकुंड थाने के मेन गेट के बाद शवों को रख दिया और हंगामा करने लगे। उनका आरोप है कि सभी की मौत करंट लगने से हुई है। रविवार को देर रात 11 बजे बिजली के तार के संपर्क में आने से पांचों की मौत हो गई। इसके बाद पिकअप वैन 30 नीचे नदी में गिर गई। मरने वाले सभी शाहकुंड के रहने वालों थे। इनमें से पुरानी खेरही के तीन और कसवा खेरही गांव के दो लोग थे।

## झामुमो नेता शिबू सोरेन नहीं रहे

### झारखंड में तीन दिनों का राजकीय शोक

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (न्यूज चैनल)। दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आज निधन हो गया। यह जानकारी उनके बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद एक्स पर पोस्ट कर साझा की। उन्होंने लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। राज्य सरकार ने तीन दिनों के राजकीय शोक का ऐलान किया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गजों ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक जताया। राजनीतिक जगत में शून्य पैदा होने और अपूरणीय क्षति की बात कहते हुए ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जैसे लोगों ने भी शोक प्रकट किया। झारखंड सरकार ने झामुमो के संस्थापक संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, शिबू सोरेन एक ज़मीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में तरक्की की। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से प्रतिबद्ध थे। उनके निधन से दु:ख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से बात की और संवेदना व्यक्त की।

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री समेत कई दिग्गजों ने जताया शोक**

### पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में अंतिम संस्कार

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज शाम छह बजे झारखंड लाया जाएगा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया जाएगा। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में किया जाएगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सीएएफ जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, मचा हड़कंप



कोंडागांव, 4 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोंडगांव जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बयानार में सीमा सुरक्षा बल (सीएएफ) के जवान ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली. यह दर्दनाक घटना देर रात की बताई जा रही है, हालांकि अभी तक जवान के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. जानकारी के अनुसार, घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि जवान ने गोली चलाने से पहले पूरा घटनाक्रम खुद रिकॉर्ड किया. हालांकि, इसकी पुष्टि पुलिस या सीएफ की ओर से नहीं की गई है. घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. इस मामले पर अब तक किसी भी अधिकारी का घटना के संबंध में आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

## राहुल गांधी से अदालत ने पूछा- आपको कैसे पता है कि चीन ने भारत की जमीन हड़पी?

**नई दिल्ली,** 4 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है?



सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा, आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। बता दें कि सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एक जिले की अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक भी लगा दी। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। फिर राहुल गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित और दर्ज की गई थी। बता दें कि शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक अदालत में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 की यात्रा के दौरान, गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

## एक युग का अंत : भारतीय डाक 1 सितंबर से बंद करेगा अपनी प्रतिष्ठित रजिस्टर्ड डाक सेवा

**रायपुर,** 4 अगस्त (हाईवे चैनल)। भारतीय डाक विभाग ने अपनी प्रतिष्ठित रजिस्टर्ड डाक सेवा को बंद करने की घोषणा की है, जिससे 50 साल पुराने युग का अंत हो गया है. 1 सितंबर, 2025 से, स्पीड पोस्ट के साथ रणनीतिक एकीकरण के तहत इस सेवा को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य परिचालन को आधुनिक बनाना है.

50 से अधिक वर्षों से लोगों का भरोसा रही रजिस्टर्ड डाक सेवा अपनी विश्वसनीयता, सामर्थ्य और कानूनी वैधता के लिए जानी जाती थी. इस सेवा का उपयोग नौकरी के प्रस्ताव, कानूनी नोटिस और सरकारी पत्राचार जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों को पहुँचाने के लिए किया जाता था, जो लाखों भारतीयों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे. यह निर्णय आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत वस्तुओं की संख्या में 25 प्रतिशत की गिरावट के बाद आया है, जो 2011-12 में 244.4 मिलियन से घटकर 2019-20 में 184.6 मिलियन हो गई, जो डिजिटल अपनाने और निजी कूरियर और ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स से प्रतिस्पर्धा के कारण और भी बढ़ गई. डाक विभाग के सचिव और महानिदेशक ने सभी विभागों, न्यायालयों, शैक्षणिक संस्थानों और उपयोगकर्ताओं को 1 सितंबर तक नई प्रणाली अपनाने का निर्देश दिया है. इस



विलय का उद्देश्य 1986 से कार्यरत स्पीड पोस्ट के अंतर्गत सेवाओं को एकीकृत करके ट्रैकिंग सटीकता, वितरण गति और परिचालन दक्षता में सुधार करना है. हालाँकि, स्पीड पोस्ट के महँगे होने के कारण, इसकी सामर्थ्य को लेकर चिंताएँ भी जताई गई हैं. रजिस्टर्ड डाक का शुरुआती शुल्क 25.96 रुपये प्रति 20 ग्राम के लिए 5 रुपये अतिरिक्त था, जबकि स्पीड पोस्ट 50 ग्राम तक के लिए 41 रुपये से शुरू होता है, जिससे यह 20-25% महँगा हो जाता है. यह मूल्य अंतर ग्रामीण भारत को प्रभावित कर सकता है, जहाँ डाकघर संचार के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिससे छोटे व्यापारियों, किसानों और आम नागरिकों पर बोझ पड़ सकता है जो सस्ती सेवाओं पर निर्भर हैं. अधिकारियों का तर्क है कि डिजिटल युग में उपयोगकर्ताओं की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए यह बदलाव आवश्यक है. हालांकि, डाक विभाग ने आश्वासन दिया है कि स्पीड पोस्ट में ट्रैकिंग और पावती जैसी प्रमुख सुविधाएँ बरकरार रहेंगी, इस कदम ने उपयोगकर्ताओं, खासकर पुरानी पीढ़ियों और ग्रामीण समुदायों में पुरानी यादें ताज़ा कर दी हैं, जो रजिस्टर्ड डाक को विश्वास का प्रतीक मानते हैं.

## रायपुर के बड़े डॉक्टर से 1.5 करोड़ की ठगी कोरोना में इलाज के बाद बढ़ी नजदीकियां

**रायपुर,** 4 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. शंकर नगर के चिकित्सक डॉ. बी. बालाकृष्णा ने मनोज चांवला, उनकी पत्नी खुशबू चांवला और परिवार के अन्य सदस्यों पर 1.5 करोड़ रुपये की राशि गबन करने और अमानत में खयानत करने का आरोप लगाया है. इस मामले में सिविल लाइंस थाने में धारा 409, 120 बी, और 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

**पुलिस ने जांच शुरू की**

पुलिस के मुताबिक डॉ. बी. बालाकृष्णा, जो शंकरनगर के एचआईजी-18 में रहते हैं और एडवांस चेस्ट सेंटर नामक क्लीनिक संचालित करते हैं, ने अपने लिखित आवेदन में बताया कि वर्ष 2021 से मनोज चांवला (37 वर्ष, निवासी सेल टैक्स कॉलोनी, खम्हारडीह, रायपुर) का उनके क्लीनिक में इलाज के लिए आना-जाना था. कोविड काल में मनोज चांवला, उनके परिवार और दोस्तों का इलाज डॉ. बालाकृष्णा ने किया था. धीरे-धीरे परिचय बढ़ने के बाद मनोज चांवला, उनके भाई चेतन चांवला, पत्नी खुशबू चांवला, बहन नैना चांवला, और मां कांता चांवला नियमित रूप से क्लीनिक में आने लगे. क्लीनिक प्रबंधन का जिम्मा डॉ. बालाकृष्णा ने बताया कि उनके क्लीनिक में फार्मेसी और लैबोरेटरी का प्रबंधन करने के लिए काबिल लोगों की जरूरत थी. मनोज चांवला और उनके परिवार ने बार-बार अनुरोध कर इन कार्यों का जिम्मा लेने की पेशकश की. भरोसा होने पर डॉ. बालाकृष्णा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप दी. इस दौरान मनोज और उनके परिवार ने व्यवसाय को बढ़ाने में भी मदद की.

डॉ. बालाकृष्णा ने अपने क्लीनिक को बड़े स्तर पर अस्पताल में बदलने की योजना बनाई थी, जिसके लिए उन्हें भारी धनराशि की जरूरत थी. इस योजना पर मनोज चांवला और उनके परिवार से चर्चा के दौरान, उन्होंने सुझाव दिया कि डॉ. बालाकृष्णा अपनी जमा राशि उन्हें सौंप दें, जिसे वे ट्रेडिंग व्यवसाय में निवेश करेंगे. उन्होंने वादा किया कि मूलधन सुरक्षित रहेगा और मुनाफा आपस में बांटा जाएगा. इस भरोसे पर डॉ. बालाकृष्णा ने मनोज चांवला और उनके परिवार को किस्तों में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी. हालांकि, जब वर्ष 2022 से डॉ. बालाकृष्णा ने अपनी राशि वापस मांगे, तो मनोज चांवला और उनके परिवार ने पैसे देने से साफ इंकार कर दिया. उन्होंने कहा कि कोई राशि उनके पास नहीं दी गई और वे इसे क्यों रखेंगे. डॉ. बालाकृष्णा के बार-बार अनुरोध पर मनोज चांवला और उनके परिवार ने 1 करोड़ रुपये वापस करने का समझौता किया, लेकिन शर्त रखी कि यह राशि व्यवसायिक और घरेलू कार्यों के लिए ली गई थी. समझौते में 15-15 लाख रुपये के 10 चेक देने की बात लिखी गई, जो अगस्त 2023 से नवंबर 2023 के बीच लिए गए दिखाए गए. यह समझौता 31 जून 2024 को तैयार किया गया था. समझौते में यह भी लिखा गया कि 22 मार्च 2025 तक 1 करोड़ रुपये नकद वापस कर दिए जाएंगे और डॉ. बालाकृष्णा उनके परिवार के खिलाफ कोई शिकायत या कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगे.

## भूपेश बघेल को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत हाईकोर्ट जाने कहा

**रायपुर,** 4 अगस्त (हाईवे चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच और गिरफ्तारी के खिलाफ अपनी व्यक्तिगत राहत पर हाईकोर्ट जाने के लिए कहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने हाईकोर्ट से मामले को शीघ्रता से निपटाने का अनुरोध भी किया। सुप्रीम कोर्ट ईडी की जांच, गिरफ्तारी आदि की शक्तियों से संबंधित पीएमएलए प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले दोनों के संबंध में याचिकाकर्ताओं से एक नई याचिका दायर करने को कहा, जिस पर 6 अगस्त को विचार किया जाएगा।



## अब बस्तर में पेव्ड शोल्डर तकनीक से बनेगी 387 किमी हाई स्पीड सड़कें

**रायपुर/जगदलपुर,** 4 अगस्त (हाईवे चैनल)। बस्तर को अब महानगरों जैसी सड़क सुविधाएं मिलने जा रही हैं. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने धमतरी से जगदलपुर-सुकमा-कोंटा मार्ग को फोरलेन बनाने की मंजूरी दे दी है. इससे न केवल यात्रा सुगम होगी, बल्कि लगातार हो रहे सड़क हादसों में भी कमी आएगी. धमतरी से जगदलपुर तक 216 किमी और जगदलपुर से कोंटा तक 170 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा. एनएच-30 पर दो हिस्सों में कुल 387.100 किमी सड़क निर्माण किया जाएगा. इन सड़कों को फोरलेन पेव्ड शोल्डर तकनीक से बनाया जाएगा, जिससे टिकाऊपन और गति दोनों में इजाफा होगा।




इस वक्त केशलूर से सुकमा तक की सड़क बेहद खराब है. हजारों की संख्या में सड़क पर गड्ढे हैं. नई सड़क बनने से सारी समस्या दूर हो जाएगी और अभी जगदलपुर से कोंटा पहुंचने में जो 6 घंटे का समय लगता है वह 3 घंटे में पूरा हो जाएगा. फोरलेन के बीच में रायपुर-धमतरी फोरलेन की तर्ज पर बॉक्स ब्रिज व लाईओवर बनाने की तैयारी है. इस मार्ग के बन जाने से रायपुर आने जाने समय की बचत होगी। जगदलपुर-सुकमा मार्ग में केशलूर से दरभा का पैच सबसे खराब स्थिति में है. कांगेर घाटी नेशनल पार्क के बीच से होकर गुजरने वाली देश की इकलौती एनएच की अब दशा सुधरेगी. दशकों से खस्ताहाल सडक़ से लोगों को आने-जाने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था. इसके साथ ही हादसों का खतरा भी बना हुआ था। जगदलपुर से कोंटा के बीच कई नक्सल प्रभावित गांव हैं, इन गांवों से होते हुए ही सड़क गुजरेगी. नक्सल प्रभावित इलाके में पहली बार ऐसी सड़क बनेगी. इन इलाकों में सड़क बनाने की कई चुनौतियां हैं,

CMYK